ए.बी.वी.पी. का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

अजमेर, (कासं)। नीट (यूजी 2024) परीक्षा में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मानव श्रृंखला बनाकर जिला कलेक्ट्रेट पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित को राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन को देखते हुए कलेक्ट्रेट पर पुलिस बल तैनात रहा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के महानगर मंत्री उदय सिंह शेखावत ने जिला कलेक्टर डॉ. दीक्षित को सौंपे ज्ञापन में बताया कि नीट 2024 परीक्षा परिणाम को जो परीक्षा परिणाम जारी किया गया है, उसमें भारी अनियमितताएं हैं। जारी परीक्षा परिणाम में 67 परीक्षार्थियों ने 720 अंक हांसिल करते हुए ऑल इंडिया रेकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, इनमें 8 परीक्षार्थी हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के हैं। छात्र नेताओं का आरोप है कि निर्धारित परीक्षा परिणाम तीथि से दस दिन पहले नीट 2024 का परिणाम घोषित कर एनटीए की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कार्यकर्ताओं में जोश, आतिशबाजी कर जताई खुशी

- प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर जताया हर्ष
- अलग-अलग आयोजन हुए

मसूदा, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर आतिशबाजी कर खुशी जताई मसूदा कस्बे सहित अन्य स्थानों पर प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी ने शपथ लेने के बाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ आतिशबाजी कर जताया हर्ष भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों को पदाधिकारी के तत्वाधान में रविवार शाम मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर राव सर्किल कार्यकर्ताओं द्वारा आतिशबाजी की और कहां की वर्ष 2014 व 2019 के बाद अब तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के साक्षी बने हैं।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष भंवरलाल बुला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश विकास की गति तेज होगी विश्व पटल पर भारत को जो मजबूती मिली है। विश्व में भारत का वर्चस्व बढ़ेगा खरवा में भव्य कार्यक्रम हुआ भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर नरेंद्र मोदी जी के शपथ ठाहण समारोह के उपलक्ष में अजमेर लोकसभा सांसद भागीरथ जी चौधरी को मंत्री बनाए जाने पर एवं नरेंद्र मोदी एवं समस्त कैबिनेट मंत्रियों को हार्दिक बधाइयां शुभकामनाएं इस मौके पर खरवा चौराहे परआतिशबाजी की गई एवं इस मौके पर पटाखे थोड़े व सभी कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी पूर्व सरपंच खरवा प्रेम सिंह रावत ने सभी को शुभकामनाएं दी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई से मीठा मुंह करा कर एक दूसरे को बधाई दी इस मौके पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष भंवरलाल बुला ,पूर्व मंडल अध्यक्ष हरदेव सिंह रावत ,मंडल अध्यक्ष जगदीश सिंह रावत, पूर्व सरपंच प्रेम सिंह रावत खरवा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरदेव सिंह रावत, पंकज टॉक, पंचायत समिति सदस्य फूल सिंह रावत, राम सिंह चौहान, नरेंद्र पाल पदावत, भवानी सिंह जी राजपुरोहित, अशोक सेन, छन्नू सेन, युवा नेता गोपाल सिंह रावत ,वीरू सेन, नारायण सिंह शक्तावत, चैन सिंह जी रावत, बलवीर सिंह चौहान, निंबाजी गुवाडिया, राजू सिंह रावत, आसाराम राव सूरजपुरा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांसद चौधरी के मंत्रिमण्डल में होने पर खुशी

अजमेर, (कासं)। श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा भारत की सांसद के चुनाव के पश्चात नरेन्द्र मोदी के पुनः प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए खुशी जताई।

श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी व राजेश लालवानी ने बताया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा अजमेर के द्वितीय बार भारी मतों से चुने गये सांसद भागीरथ चौधरी को मंत्री मण्डल में सम्मलित किये जानेएपूर्व पर्यावरण व वन एवं श्रम मंत्री अजमेर से राज्य सभा के पूर्व सांसद व लोक सभा के प्रथम बार चुने गये सांसद भूपेन्द्र यादवएपूर्व में रहे वित मंत्री एवं पुनः कानून मंत्री अर्जुन राम मेधवाल और जोधपुर से पुनः चुने गये सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत को राजस्थान से मंत्री मण्डल में प्रतिनिधित्व देने पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए।

विशेष पैकेज की मांग उठाई

मकराना, (निसं.)। राज्य बजट में मकराना मार्बल मण्डी को विशेष पैकेज देने की मांग करते हुए शहर की संगमरमर व्यापार मण्डल संस्था ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को सुझाव पत्र भेजा है। पत्र के सुझावों को शनिवार के दिन ऑनलाइन दर्ज भी कर लिया गया है जिसके रिफरेंस नंबर व्यापार मण्डल को वापस भिजवाए गए हैं। संगमरमर व्यापार पर मण्डल अध्यक्ष असगर अली रांदड़ ने बताया कि मकराना मार्बल मेन मण्डी को पुर्नजीवित करने के लिए राज्य सरकार के स्तर पर बेहतर प्रयास जरूरी है। इसके लिए धार व्यापार मण्डल पदाधिकारियों व व्यापारियों से वार्ता कर 23 बिन्दुओं का सुझाव पत्र मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

रांदड़ ने बताया पंच उन्होंने मकराना मार्बल खनन क्षेत्र र्जर, के लिए विशेष खनन नीति लागू करने, घड़वां मार्बल, पत्थर, स्लैब पर रॉयल्टी सहित अन्य करों में छूट देने, बिजली, पानी, परिवहन की बेहतर सुविधा करने, मकराना में मार्बल इकोनॉमिक्स जोन घोषित करने, सदियों से घड़ाई के काम में चुके कारीगरों के लिए विशेष योजना लागू करने, बाइपास मार्बल मण्डी रोड का सौन्दर्यकरण कर रोड के दोनों तरफ मिट्टी हटाकर टाइल्स लगाने, मकराना से बाहर के दूसरे स्टोन व पत्थर को मकराना के नाम से बेचने पर पाबंदी लगाने का आठाह किया है। उपाध्यक्ष असगर रांदड़ ने बताया कि संगमरमर व्यापार मण्डल ने मकराना में मार्बल म्यूजियम बनवाने, मकराना मार्बल मण्डी के विस्तार के लिए सरकार से कमेटी गठित करवाने, खानों और मार्बल प्रतिष्ठानों पर होने वाले हादसों के लिए सरकार द्वारा राशि तय कर उसमें सरकारी मदद देने का प्रावधान करवाने, खनन माफियाओं पर रोकथाम लगाने की मांग की।

M/S REVTI GLOBAL

(Formerly Known as SALASAR AGENCIES) S-1-D-11, Khasra No.192, Village Rahimpura, Khatoli, Tehsil Kishangarh Dist Ajmer (Raj.) M 9510593936

आम सूचना

मेरी फर्म मैसर्स रेवती ग्लोबल रजिस्ट्रेशन नंबर RF/AJM/2023/1761 dated 10 मई 2023, जिसका कार्यालय शॉप नंबर S-1-D-11, खसरा नंबर 192, विलेज रहीमपुरा, खातोली, तहसील किशनगढ़ 305801 जिला अजमेर (राज.) में हैं, जो की एक साझेदारी फर्म हैं जिसके दो (2) साझेदार क्रमश 1-शुभम सहारिया पुत्र श्री बजरंगलाल सहारिया, 2- रेखा कालिका पत्नी श्री मनोज कुमार कालिका थे। (1) उक्त साझेदारो ने आपसी सहमति से मनोज कुमार कालिका पुत्र श्री ओमप्रकाश कालिका को दिनांक 31 मार्च 2024 को साझेदार बनाया गया, जिसको पार्टनरशिप डीड दिनांक 31 मार्च 2024 के तहत सभी साझेदारो द्वारा निष्पादित किया गया। (2) उसके पश्चात् उक्त साझेदारो में से रेखा कालिका पत्नी श्री मनोज कुमार कालिका ने आपसी सहमति द्वारा उक्त साझेदारी फर्म से दिनांक 01 अप्रैल 2024 से अवकाश ग्रहण कर लिया है। जिसको पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल 2024 के तहत सभी साझेदारो द्वारा निष्पादित किया गया। (3) उसके पश्चात् उक्त साझेदारो द्वारा फर्म के नाम को सालासर एजेंसीज की जगह रेवती ग्लोबल किया गया। जिसको पार्टनरशिप डीड दिनांक 01 अप्रैल 2024 के तहत सभी साझेदारो द्वारा निष्पादित किया गया। अब साझेदारी फर्म में दो साझेदार क्रमशः (1) शुभम सहारिया पुत्र श्री बजरंगलाल सहारिया (2) मनोज कुमार कालिका पुत्र श्री ओमप्रकाश कालिका साझेदार है। अतः इस सम्बन्ध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर किसी भी कार्य दिवस में अपनी आपति रजिस्ट्रार ऑफ फर्म जिला उद्योग केंद्र, अजमेर में प्रस्तुत कर सकता हैं, बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा। स्थान-किशनगढ़, दिनांक 10 जून 2024 भवदीय-REVTI GLOBAL किशनगढ़ (Formerly Known as Salasar Agencies)

आम सूचना

मेरी मां श्रीमती चोथी देवी पत्नी सावरा जाति कुम्हार निवासी ग्राम टिकावडा तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर का स्वर्गवास मेरे निवास स्थान पर दिनांक 08 जून 1993 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिये तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में आवेदन किया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर तहसीलदार कार्यालय किशनगढ़ में संपर्क करे। प्रार्थी-नोरत पुत्र सावरा

मोदी के तीसरी बार पीएम बनने पर भाजपाईयों ने आतिशबाजी की

मकराना, (निसं.)। मकराना में पीएम मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की। शहर में जगह जगह लोगों ने एक साथ प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण देखा। इसी प्रकार भाजपा शहर मंडल मकराना के तत्वाधान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के हॉस्पिटल रोड़ पर जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे का मुंह मीठा करवाकर लोगों को मिठाई बांटी। उन्होंने इसे सुराज की नई शुरुआत बताया।

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कपिल तोषनिवाल, गिरधर पलोड, रणजीत सिंह चौहान, मोहन सिंह चौहान, भवानी सिंह, चंद्र प्रकाश, विमल सोनी, विनीत मुच्छड़, नितेश जैन, मुन्नालाल दाधीच, नंद सिंह, नाथू सिंह, सतीश पलोड, प्रहलाद खंडेलवाल, विजय कुमार लड्डा, सोनू दाधीच, नंदू सिंह चौहान, मालचंद स्वामी, दीपक व्यास, गोविंद सिंह चौहान, विष्णु स्वामी, सुभाष अठावाल, गिरिराज व्यास, महावीर छापरवाल, गुलाब जोशी, सुभाष जोशी, नाथू सिंह, देवराज सोलंकी, मोतीलाल माली, उमेदराम बिंजावत, कमल स्वामी, मालचंद स्वामी, धर्मेंद्र स्वामी, लक्ष्मण टेलर, बंटी अठावाल, ओमप्रकाश टेलर, संदीप व्यास, राजकुमार व्यास, जुबेर नेता सहित अन्य मौजद रहे।

उपकारागृह का औचक निरीक्षण

ब्यावर, (निसं)। जिला एवं सेशन न्यायाधीश संगीता शर्मा द्वारा उपकारागृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अजमेर महेन्द्र कुमार ढाबी उपस्थित रहे। संगीता शर्मा ने उपकारागृह में व्यवस्थाएं जांची तथा निरीक्षण के दौरान जेल की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था देखी।

निरीक्षण मे मिली कमियों को दुरूस्त करने के लिए उपकारापाल को आवश्यक दिशा निर्देश दिये, साथ ही बंदियों से संवाद किया। बंदियों को निशुल्क विधिक सहायता, उनके कानूनी अधिकार तथा नालसा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा साथ ही उपकारापाल को निर्देशित किया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो उसका आवेदन संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करवाऐं ताकि उन्हें पैनल अधिवक्ता की निशुल्क सेवाऐं उपलब्ध करवायी जा सके। निरीक्षण के दौरान उपकारागृह में 99 विचाराधीन पुरूष बंदी मिले, उपकारागृह में कोई महिला बंदी नहीं थी। निरीक्षण के दौरान उपकारापाल अशोक पारीक,नारायण पारिख, जसराज, दिलीप, धर्मेंद्र व अन्य स्टॉफ मौजूद रहे।

कॉमन कॉज सोसायटी की नई कार्यकारिणी गठित

अजमेर, (कासं)। कॉमन कॉज सोसायटी अजमेर की वार्षिक साधारण सभा बैठक सोमवार को पुष्कर रोड स्थित मित्तल अस्पताल के सभागृह में आयोजित हुई। बैठक में गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आने वाले समय के लिए कार्य योजनाओं को मूर्त रूप दिया गया।

संस्था के अध्यक्ष एचएम जैन की अध्यक्षता में बैठक में दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि प्रदान दी गई तथा वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें एचएम जैन अध्यक्ष, अशोक बैजल कार्यकारी अध्यक्ष, डॉ निर्मला नुवाल उपाध्यक्ष, विनीत लोहिया महासचिव, सीताराम गोयल सचिव ऑर्गेनाइजेशन, धनराज चौधरी सचिव वित्त, सदस्य के रूप में डॉ.राजेंद्र तेला, मनोज मित्तल, डॉ.एमके झा, अजीत अठावाल, रमाकांत अठावाल, सुनील जालोरी, सुनील अग्रवाल, सुभाष भट्टड़, गिरधारी लाल मंगल एवं रमाकांत अठावाल शामिल है। बैठक में डॉक्टर राजेंद्र तेला, मनोज मित्तल, डॉ एमके झा, धनराज चौधरी, अजय विक्रम सिंह, सुनील जालोरी, सुनील अठावाल, रमाकांत अठावाल एवं सुभाष भट्टड़ ने संस्था की गतिविधियों को गति प्रदान करने हेतु अनेक सुझाव रखें। सभी ने नए सदस्य बनाने हेतु प्रस्ताव रखा जिस पर सभी ने सहमति व्यक्ति की साथ ही दौराई रेलवे स्टेशन को भविष्य में बनने वाले टर्मिनस स्टेशन के नामकरण हेतु सम्राट पृथ्वीराज चौहान के नाम पर किए जाने हेतु रेल मंत्रालय एवं संबंधित विभाग को पत्राचार करने हेतु निर्णय लिया गया।

कार्यालय ग्राम पंचायत सरेरी पंचायत समिति हुरड़ा, जिला-भीलवाड़ा

क्रमांक - SPL-1 दिनांक - 10/60/2024

निविदा सूचना 2024-25

ग्राम पंचायत सरेरी, पंचायत समिति हुरड़ा की ओर से विभिन्न कार्यो हेतु ग्राम पंचायत की FFC/SFC के उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित विकास कार्यो की मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी सभी शर्ते कार्यालय समय में ग्राम पंचायत सरेरी में देखी जा सकती है।

UBN NO. ZBL2425GSRC00066
NIB NO. ZBL2425A0022

सरपंच, ग्राम पंचायत सरेरी, पंचायत समिति हुरड़ा (भीलवाड़ा) — विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सरेरी, पंचायत समिति हुरड़ा (भीलवाड़ा)

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2024/986 **आम सूचना** दिनांक : 10.6.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय सबुत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

फाइल नं.	आवेदक नाम	भूखण्ड का विवरण	भूखण्ड का नाप	प्रयोजनार्थ
43	चैनकंवर बड़ौला पत्नि मनोहर सिंह बड़ौला	सथाना बाजार बिजयनगर म्यु. नं. 10/1023 भू.सं. 01	109.738 SQ.MTR	व्यवसायिक

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/भवन/23-24 /220 दिनांक: 10/06/2024

आपति सूचना

श्री विपिन जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द कावडिया, श्री नितिन जैन पुत्र श्री ज्ञानचन्द कावडिया निवासीगण गली नं. 4 रामनगर विधालय के पास पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा एक भूखण्ड जिस पर ए.एम. सी. नं. 10/370 का एक भाग है जो वार्के सुन्दर विलास जयपुर रोड, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 136.17 व.मी. है भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाऐं निम्नानसार हैं।

पूर्व - श्री खींवसरा जी की सम्पति पश्चिम - रास्ता आम सुन्दर विलास
उत्तर - डॉ. डी.पी. जोशी दक्षिण - ए.एम.सी. नं. 10/370 विक्रेता की शेष सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

कार्यालय नगर पालिका मण्डल जहाजपुर (शाहपुरा)

EMail Id- mbjahazpur@gmail.com Phone No 1485-294101

क्रमांक/नपाज/भूमि/2024-25/696 दि. 10.6.2024

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति द्वारा स्वयं खातेदार की खसरा भूमि को भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 क के अधीन गैर-कृषिक प्रयोजन के लिए अनुज्ञा/संपरिवर्तित भूमि के आंवटन के लिए नगर पालिका जहाजपुर में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसका विवरण निम्न प्रकार से है, उक्त बाबत् किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में मय सबूत के लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति मान्य नही होगी तथा नियमानुसार कार्यवाही कर दी जायेगी।

क्र स	आवेदक का नाम व पता	स्थान व प्रस्तावित कॉलोनी नाम	आराजी खसरा संख्या	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1	श्री भंवर लाल पुत्र श्री रामपाल, श्रीमती रामकुरी पत्नी स्व. भागचन्द श्री विवेककुमार पुत्र भागचन्द समस्त जाति महाजन निवासीगण जहाजपुर, तह. जहाजपुर जिला शाहपुरा।	नगदी पुलिया के पास, देवली रोड, बाई पास जहाजपुर, जिला- शाहपुरा प्रस्तावित कॉलोनी - राज ड्रीम सीटी	आराजी खसरा नं. 2734	0.0728 है. (870.76 वर्गगज)	गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय व व्यावसायिक)
			आराजी खसरा नं. 2735	0.2914 है. (3485.44) वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2737	0.2428 है. (2904.13 वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2740	0.1295 है. (1548.95 वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2741	0.1457 है. (1742.72 वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2742 का भाग	0.1350 है. (1614.74 वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2745 का भाग	0.3406 है. (4073.92 वर्गगज)	
			आराजी खसरा नं. 2746 का भाग	0.1219 है. (1458.05 वर्गगज)	
			कुल किता 8	1.4797 है. (17698.54 वर्गगज)	

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका जहाजपुर

JECRC™ UNIVERSITY
BUILD YOUR WORLD
Jaipur

NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL
NURTURING JECRC TALENT JECRC Foundation
24 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

Admissions 2024-25

A Leading & Premier University in the Beautiful Land of Jaipur

Vibrant Campus Life with **16000+** Currently Enrolled Students

Grant Worth **₹ 12.9 Cr.** Disbursed for Startups by JECRC Incubation Centre Under MeitY — MEITY STARTUP HUB

2008 Placement Offers for Graduates of 2024 as on 10th April

9th Rank among emerging multidisciplinary universities in India by the prestigious the week magazine — THEWEEK

1590 Best-in-Class internship in year 2024

OFFERING WORLD CLASS COURSES
(Masterfully Designed and Delivered in Collaboration with Corporates)

Engineering | Computer Applications | Business Studies | Sciences | Hospitality | Mass Communication | Design | Law | Humanities & Social Sciences | Economics | Allied Health Sciences | Liberal Studies | MBA for Working Professionals

JU DIFFERENTIATORS
- 2 Large Campuses.
- 25000+ Alumni in 35 Countries.
- Government funded research grant worth Rs. 15 Crore.
- 130 Patents filed and 107 Published.
- Students from 29 States and UTs.

INDUSTRY COLLABORATION
- Academic Collaboration with 40 top notch corporates to offer degree programme.
- 55+ Specialized Corporate programs in latest technologies like AI, Cloud, Data Science, Full Stack Web Development, Block Chain, Cyber Security, Software Product Engineering & many more.

BEYOND THE CLASSROOM
- Preferred choice for meritorious students of the country.
- 22 Student Clubs driven by Student Council.
- Makerspace - A Gravitating platform, Redefining Robotics & Automation.
- IAESTE LC - International internship platform.
- Mpower Cell - Fostering Mental Health Literacy.

#Design_by_JUTeam

SHAKUN

To know more about Admissions: TOLL FREE : 1800 120 5616 | Call: +91- 9116642285
For Liberal Studies Call : +91 98292 12396
MBA for Working Professionals Call : +91 - 91161 07504
Website : www.jecrcuniversity.edu.in